# जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर ।

क्रमांकः प.1(8)जविप्रा/नासेके/2019/डी.147-    दिनांक :08-7-2021

## कार्यालय–आदेश

कार्यालय आदेश क्रमांकः प.1(4)जविप्रा/नासेके/2019/डी. 480 दिनांक : 30.08.2019 व कार्यालय आदेश क्रमांकः प.1(8)जविप्रा/नासेके/2019/डी. 627 दिनांक : 27.11.2019 के द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नाम हस्तानान्तरण एवं लीजडीड (पट्टा) आवेदन की प्रक्रिया ऑन लाईन सेवाएं प्रारम्भ की गई थी। वर्तमान में नाम हस्तानान्तरण एवं लीजडीड (पट्टा) प्रकरणों में उक्त आदेशानुसार आवश्यक दस्तावेज के रूप में स्थानीय जन प्रतिनिधियों (ग्रामीण क्षेत्र में सरपंच/शहरी क्षेत्र में पार्षद) द्वारा प्रमाणित तैयार सजरा लिया जाता हैं।

दिनांक 29.06.2021 को आयोजित साप्ताहिक बैठक में सजरे के संबंध में निदेशक, स्थानीय निकाय के आदेश 25.05.2017 से पार्षदों एवं पंचायती राज विभाग के आदेश दिनांक 23.02.2021 द्वारा सरपंचों के सजरा जारी किये जाने से मना किया गया है तथा राज्य सरकार के स्तर पर जारी आदेशों में सजरा की व्यवस्था नहीं होने के कारण नागरिक सेवा केन्द्र पर अब पूर्व की भॉति सजरा के स्थान पर शपथ–पत्र लिये जाने का निर्णय लिया गया।

ये आदेश तुरन्त प्रभाव से लागू होगें।

सलंग्नः– शपथ–पत्र का प्रारूप

( ह्रदेश कुमार शर्मा )
सचिव

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं :–

1. निजी सचिव, आयुक्त, जविप्रा जयपुर।
2. निजी सचिव, सचिव, जविप्रा जयपुर
3. संयुक्त शासन सचिव–प्रथम, नगरीय विकास विभाग को जविप्रा के पूर्व पत्र क्रमांक डी. 113 दिनांक 1.6.2021 के सन्दर्भ में प्रेषित कर लेख है कि निदेशक,स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज विभाग के अनुसार उक्त व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। कृपया सूचित रहे।
4. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन/एलपीसी/पीआरएन, जविप्रा, जयपुर
5. निजी सचिव,संयुक्त आयुक्त(एस.एम.), जविप्रा, जयपुर ।
6. उपायुक्त जोन 1 से 14, पीआरएन नोर्थ/दक्षिण–प्रथम व द्वितीय, जविप्रा जयपुर
7. सिस्टम एनालिस्ट, जविप्रा, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि ऑनलाईन अद्यतन करने का श्रम करें।
8. प्रभारी अधिकारी, नागरिक सेवा केन्द्र, जविप्रा जयपुर
9. श्री/श्रीमती................................ सलाहकार, ना.से.के.,जविप्रा जयपुर ।

( गिरि राज अग्रवाल)
संयुक्त आयुक्त(एस.एम)

# शपथ–पत्र

मैं .................................पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री...................................... आयु..............वर्ष जाति.....................हाल निवासी............................................................................................................ का/की हूँ जो शपथ पूर्वक निम्न बयान करता हूँ/करती हूँ कि:–

1. यह कि मेरे .................................. का दिनांक.................. को स्वर्गवास हो चुका है जिनकी मृत्यु के पश्चात हम निम्न वारिसान है जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र.स. | नाम | मृतक से संबंध |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

2. यह कि वारिसानों के अलावा अन्य कोई वारिसान नही है अगर भविष्य में वारिसों के बाबत किसी प्रकार का वाद उत्पन्न होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वंय की होगी जविप्रा का कोई दायित्व नही होगा।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं ...................................पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री.............................................सत्य निष्ठा से बयान करता हूँ/करती हूँ कि उक्त समस्त तथ्य सही है ईश्वर मेरा साक्षी है।

हस्ताक्षर सत्यापनकर्ता